16/12/2011

Second Terminal Evaluation 2011 – 2012

Std X

HINDI

Time : 1.30 hrs
Score : 40

सूचना : सभी प्रश्नों को ध्यान से पढें । सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

- कवितांश पढकर **1** से **3** प्रश्नों के उत्तर लिखें

कविता का यह अंश पढ़ें।

आज निर्मम हो गया इन्सान
एक ऐसा भी समय था
कांपता मानव हदय था
बात सुनकर, हो गया कोई कहीं बलिदान।

एक ऐसा भी समय है
हो गया पत्थर हदय है
एक देता शीश, सोता एक चादर तान
आज निर्मम हो गया इन्सान।

चादर तानकर सोना - മൂടിപുതച്ച് ഉറങ്ങുക
शीश देना - ബലിദാനം ചെയ്യുക

1. कवि ने इंसान के किस स्वभाव की ओर संकेत किया है? (1)
(निर्ममता, दया, त्याग, ममता)

2. **आज के ज़माने और पुराने ज़माने में अंतर क्या है?** (1)

3. **कवितांश का भाव लिखें।** (2)

निम्नलिखित अंश पढ़ें।

गोपाल अपने बच्चे का Vaccination कराने Hospital पहुँचा। नर्स ने कहा पहले Temparature देखें। बाद में Laborotary जाकर खून की जाँच कराकर आएँ।

4. अंग्रेज़ी शब्दों के स्थान पर हिंदी पारिभाषिक शब्द जोड़कर खंड का पुनर्लेखन करें। 2

उपन्यास का यह अंश पढ़ें।

"रोगियों को बचाने का काम न डॉक्टर का है, न दवाओं का, वह प्रभु का है।" पूरा घंटा बीत गया। पर किसी को पता नहीं चला। देवदास को लगा कि एक आँधी उभरी और थम गई।

5. एनॉटमी हाल के अनुभव के बारे में देवदास ने अपनी डायरी में लिखा। डायरी का वह पन्ना लिखें। 4

मैगसैसे पुरस्कार विजेता डॉ.वी.शांता को कैंसर इंस्टीट्यूट में बधाई समारोह का आयोजन किया है।

6. समारोह से संबंधित एक पोस्टर तैयार करें। 2

उपन्यास का यह अंश पढ़ें।

"देवदास की सहयोगी है लक्ष्मी। लक्ष्मी को यह बंटवारा बिलकुल पसंद नहीं आया। वह कोई लड़की सहयोगी चाहती थी।"

7. इस प्रसंग पर देवदास और लक्ष्मी के बीच का वार्तालाप लिखें। 4

"नई जीवन - शैली की वजह से हमारे देश में कैंसर पीड़ितों की संख्या बढ़ रही है।"

8. आप की राय में कैंसर पीड़ितों की संख्या बढ़ने के क्या - क्या कारण हो सकते हैं? 2

यह अंश पढ़ें और अनुवाद करें।

9. **देश की सुरक्षा और सेवा के क्षेत्र में एन.सी.सी का महत्वपूर्ण स्थान है। इससे यवक - यवतियों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। उनमें देश-भक्ति की भावनाओं का स्वाभाविक विकास होता है।** 3

यह अंश पढ़ें।

"घर के सामने एक छोटा बगीचा है। उसमें हरे पत्तों के बीच रंगबिरंगे फूल खिले थे। कहीं से एक नटखट बंदर आया। फूलों को तोड़ डाला।"

10. **विशेषण शब्द चुनकर लिखें।** 2

कविता का यह अंश पढ़ें।

"गंदगी में लिपटे बच्चे को गोद में उठाकर चुप कराने की हिम्मत किसी में नहीं थी।"

11. **अगर आप भी उस जगह होते तो क्या करते ?** 2

12. **'आदमी का बच्चा' नामक कहानी की घटनाओं को क्रमबद्ध करके लिखें।**

- डौली को घर में अकेलापन महसूस होती है।
- माली के बच्चे की मृत्यु से डौली दुखी होती है।
- डौली को माली के बच्चों के साथ खेलने से मना करती है।
- मैनेजर साहब के बच्चों के साथ डौली को खेलने भेजती है।
- डौली पिल्लों के साथ खेलना पसंद करती है।
- पिल्लों को गरम पानी में डुबोकर मरवा देते हैं। 3

13. संशोधन करके पुनर्लेखन करें

माली का नए बच्चे के रोने के आवाज़ आधी रात की, दुपहर में आने लगती। मिसेस बग्गा में यह बहुत बुरा लगता। 2

साक्षात्कार का यह अंश पढ़े।

"यह पुरस्कार सही मौके पर मिला है। हमें उम्मीद है कि इससे मिली अंतर्राष्ट्रीय पहचान से स्थानीय स्तर पर भी हमारे काम को सराहना मिलेगी। लेकिन अभी हमें बहुत कुछ करना है।"

14. **मैगसैसे पुरस्कार विजेता डॉ. वी.शांता जी को बधाई देते हुए पत्र लिखें।** 4.

15. **उचित विराम चिह्न लगाकर वाक्य का पुनर्लेखन करें।** 2

विनोबा जी एक बार गाँधीजी के पास पहुँचे और उनके सामने पैसा रखा बापू ने पूछा यह पैसा क्यों रखा विनोबा जी ने कहा हम देवदर्शन करते समय कुछ भेंट चढ़ाते हैं।

16. **यह जीवन वृत्त पढ़ें और जीवनी तैयार करें।**

नाम	- यशपाल
जन्म	- 1903
स्थान	- पंजाब के फिरोज़पुर छावनी
कार्यक्षेत्र	- स्वतंत्रता सेनानी, कहानीकार, उपन्यासकार, समाज सेवी, प्रगतिवादी साहित्यकार।
रचनाएँ	- झूठा सच, दादा कामरेड, दिव्या, अमिता, आदमी का बच्चा
मृत्यु	- 1976

4